## प्रादेशिक समाचार
## दिनांक–23.04.2025 (संध्या–1900 बजे)

**मुख्य समाचार**

1 **जम्मू कश्मीर के पहलगाम आतंकी हमले को लेकर पक्ष और विपक्ष ने जताई कड़ी नाराज़गी, स्वास्थ्य मंत्री ने की पाकिस्तान पर कार्रवाई की मांग, नेता प्रतिपक्ष ने राज्यव्यापी आंदोलन की घोषणा की।**

2 **वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने राजस्व संग्रहण की प्रगति को सराहा, सभी विभागों को नियमित समीक्षा के दिए निर्देश, वित्तीय वर्ष 2025–26 में पारदर्शी और सशक्त राजस्व प्रणाली की तैयारी।**

3 **बोकारो के लुगू पहाड़ मुठभेड़ में शामिल जवानों को डीजीपी अनुराग गुप्ता ने किया सम्मानित, कहा–ऑपरेशन डाकाबेड़ा झारखंड में नक्सल विरोधी अभियान की ऐतिहासिक सफलता।**

4 **शौर्य दिवस पर झारखंड के वीर कुंवर सिंह को याद कर लोगों ने दी श्रद्धांजलि, हजारीबाग और लोहरदगा में आयोजित हुए विशेष कार्यक्रम।**

5 **झारखंड राज्य क्रिकेट संघ के अंडर–16 फाइनल में रांची ने जमशेदपुर को 5 विकेट से दी मात, सौरव कुमार बने प्लेयर ऑफ़ द मैच।**

*********************

जम्मू कश्मीर के पहलगाम में आतंकी हमले को लेकर राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार, मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन समेत राज्य के मंत्रियों और नेताओं ने कड़ी नाराज़गी जताई है। रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने अपने सो”ाल मीडिया पोस्ट के माध्यम से पहलगाम में पर्यटकों पर हुए आतंकवादी हमला को दुर्भाग्यपूर्ण और कायरतापूर्ण बताया है। उन्होंने हमले में प्रभावित परिवारों के प्रति अपनी गहरी संवेदनाएँ व्यक्त की। इधर स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी ने पहलगाम आतंकी हमले की निंदा करते हुए उन्होंने प्रधानमंत्री से सभी दलों के साथ विचार–विमर्श कर पाकिस्तान पर जवाबी कार्रवाई की मांग की है।

*********************

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने भी कश्मीर के पहलगाम में हुई घटना को दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए कहा कि अपराधियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई होनी चाहिए। श्री मरांडी ने इस घटना के विरोध में भारतीय जनता पार्टी द्वारा राज्य में आंदोलन करने की घोषणा की।

*********************

पहलगाम में हुए आतंकी हमले को लेकर राज्य की जनता में भी रोष है। गिरिडीह जिले के महाविद्यालय परिसर में लोगों ने विरोध प्रदर्शन कर आतंकवादियों का पुतला दहन किया और इस हमले में मारे गए लोगों के प्रति श्रद्धांजलि अर्पित की। वहीं दुमका में भी विभिन्न संगठनों ने घटना की निंदा करते हुए केंद्र सरकार से आतंकियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

*********************

राज्य के वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने राजस्व संग्रहण को लेकर विभागीय उपलब्धियों और आगामी कार्ययोजनाओं की जानकारी दी। सूचना भवन में आयोजित प्रेस वार्ता में उन्होंने बताया कि वर्ष 2024–25 में वाणिज्य कर विभाग ने 26 हजार करोड़ के लक्ष्य के विरुद्ध लगभग 22 हजार 2 सौ बानवे करोड़ रुपये यानी 85.7 प्रतिशत राजस्व संग्रह किया है। एसजीएसटी, वैट, पेशा कर और जेईडी के अंतर्गत भी संग्रहण लक्ष्य के निकट रहा। मंत्री ने सभी विभागों को हर तीन माह में समीक्षा करने का निर्देश दिया है, जबकि वे स्वयं छह माह में इसकी समीक्षा करेंगे। उन्होंने कहा कि सरकार पारदर्शी वित्तीय प्रबंधन सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है।

*********************

बोकारो के ललपनिया में डीजीपी अनुराग गुप्ता ने लुगू पहाड़ मुठभेड़ में शामिल सुरक्षा बलों के जवानों से मिलकर उनका हौसला बढ़ाया और उन्हें प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। उन्होंने बताया कि ऑपरेशन डाकाबेड़ा में कई शीर्ष नक्सली मारे गए हैं। डीजीपी ने कोबरा बटालियन की बहादुरी की सराहना करते हुए कहा कि यह 25 वर्षों की सबसे बड़ी सफलता है।

*********************

हजारीबाग में सर्किट हाउस के समीप बाबू वीर कुंवर सिंह जयंती पर विजयउत्सव कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में कांग्रेस नेता मुन्ना सिंह, भाजपा नेता आनंद देव और विनोबा भावे विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर दिनेश कुमार सिंह समेत कई लोगों ने उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। मौके पर प्रोफेसर दिनेश कुमार सिंह कहा कि हम सबको वीर कुंवर सिंह के योगदान और पराक्रम को याद करते हुए उनके मार्ग पर चलने का संकल्प लेना चाहिए। लोहरदगा जिले में भी आज शौर्य दिवस पर सन 1857 के प्रथम स्वाधीनता संग्राम के अमर शहीद बाबू वीर कुंवर सिंह को  पुष्पांजलि अर्पित की गई।

*********************

रामगढ़ के भुचुंगडीह गांव में बंद पड़ी भूमिगत खदान में लगी आग को बुझाने के लिए जिला प्रशासन, सीसीएल और वन विभाग की टीम लगातार प्रयासरत है। रामगढ़ के उपायुक्त चंदन कुमार ने बताया कि आग पर काबू पाने के लिए भैरवी नदी से पाइपलाइन के जरिये पानी पहुंचाया जा रहा है। सांसद मनीष जायसवाल ने भी क्षेत्र का निरीक्षण कर अवैध खनन को आग की वजह बतायी।

********************

गोड्डा जिले में अधिक वर्षा से गेहूं की फसलों को हुए नुकसान के बाद उसकी भरपाई के लिए प्रभावित भूमि पर वहां किसान इस बार मूंग की खेती कर रहे हैं। विस्तृत ब्योरा दे रहे हैं हमारे संवाददाता –

********************

**संक्षिप्त खबरें**

- जामताड़ा पुलिस ने मिहिजाम थाना क्षेत्र के लालबेड़िया गांव के पास जंगल से तीन साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया है। उनके पास से 7 मोबाइल, 9 फर्जी सिम कार्ड और एक दोपहिया वाहन बरामद कर उन्हें न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया।
- गिरिडीह जिले के गांवा थाना क्षेत्र से बिना परमिट पत्थर चिप्स की अवैध ढुलाई से राज्य सरकार को भारी राजस्व नुकसान हो रहा है। कल रात गांवा के सीओ अविनाश रंजन ने छापेमारी कर 9 ट्रकों को जब्त किया। सीओ ने बताया कि मामले में विधिसम्मत कार्रवाई की जा रही है।
- गढ़वा के हूर गांव स्थित शिवालया कंस्ट्रक्शन साइट पर कल चार युवकों ने हवाई फायरिंग की। पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार पांडेय ने बताया कि जांच जारी है और सभी पहलुओं पर छानबीन की जा रही है।

********************

राज्य में 26 अप्रैल तक तेज गर्मी और लू का प्रकोप जारी रहेगा। 24 और 25 अप्रैल को अधिकतम तापमान 40 डिग्री सेल्सियस से अधिक होने की संभावना है। 26 और 27 अप्रैल को तेज धूप के साथ आंधी और बारिश के आसार हैं, साथ ही 30 से 50 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से हवा चल सकती है। मौसम विभाग ने लोगों को सतर्क रहने और धूप से बचाव की सलाह दी है।

********************

झारखंड राज्य क्रिकेट संघ द्वारा आयोजित अंतर जिला अंडर–16 क्रिकेट प्रतियोगिता के फाइनल में रांची ने जमशेदपुर को 5 विकेट से हराया। रांची ने 199 रनों के लक्ष्य को रक्षित प्रवीण और वैभव संतोष की बदौलत 5 विकेट खो कर 201 रन बनाकर हासिल किया। सौरव कुमार को 4 विकेट लेने पर उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया।

********************

आई.पी.एल. क्रिकेट में आज हैदराबाद में सनराइजर्स हैदराबाद का मुकाबला मुंबई इंडियंस से होगा। यह मैच शाम साढ़े सात बजे से खेला जाएगा।

*******समाप्त*************